दैनिक प्रातः कालीन भारत सरकार से रजिस्टर्ड हिंदी अंग्रेजी समाचार पत्र

# क्यूँ न लिखूँ सच

मुरादाबाद से प्रकाशित

RNI NO- UPBIL/2021/83001



दैनिक अखबार क्यूँ न लिखूँ सच को जिला एवं तहसील स्तर पर ब्योरो संवाददाता व विज्ञापन प्रतिनिधि चाहिए
9027776991
knlslive@gmail.com

KNLS Live
सम्पर्क करे:-9027776991
न्यूज़ पोर्टल बनवाये 2999 में
न्यूज़ पेपर डिजाइन कराये कम दाम में



वर्ष :- 03 अंक :- 190 मुरादाबाद, 29 October 2023 (Sunday) पृष्ठ :- 08 मूल्य : 3.00 रुपये

प्रसारित क्षेत्र-बरेली, पीलीभीत, बदायूं, कासगंज, एटा, अलीगढ, संभल, श्रावस्ती, अलीगढ और उत्तराखंड


## संक्षिप्त समाचार



### सामूहिक आत्महत्या: सूरत में एक ही परिवार के सात लोगों ने की आत्महत्या, मरने वालों में तीन बच्चे भी शामिल

गुजरात के सूरत में दिल दहला देने वाली घटना सामने आई है। जहां एक ही परिवार के सात लोगों ने आत्महत्या की है। मरने वालों में तीन बच्चे भी शामिल हैं। घटना सूरत के पालनपुर जकातनाक रोड की है। जहां शनिवार सुबह पूरे परिवार ने आत्महत्या कर ली। पुलिस की जांच में पता चला है कि परिवार के छह लोगों की मौत जहर खाने से हुई है। वहीं एक सदस्य ने फांसी लगाई है। मृतकों की पहचान मनीष सोलंकी, उसकी पत्नी रीता, मनीष के पिता कानू, माता शोभा और तीन बच्चे दिशा, काव्या और कुशल शामिल हैं। पुलिस की जांच में पता चला है कि परिवार के छह लोगों की मौत जहर खाने से हुई है। वहीं एक सदस्य ने फांसी लगाई है। मनीष का शव पंखे से लटकता मिला है। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, पुलिस ने मौके से सुसाइड नोट भी बरामद किया है। इस सुसाइड नोट में मनीष सोलंकी ने आर्थिक संकट की बात कही है। ऐसी भी आशंका है कि मनीष ने अन्य परिजनों को जहर देकर मारा और फिर खुद भी फांसी के फंदे से लटककर जान दे दी। मनीष सोलंकी का फर्नीचर का बिजनेस था और उसके साथ 35 कर्मचारी काम रहे थे। शनिवार को मनीष के साथ काम करने वाले कर्मचारियों ने उनसे संपर्क साधने की कोशिश की लेकिन जब कोई जवाब नहीं मिला तो घर जाकर देखा गया। स्थानीय लोग दरवाजा तोड़कर घर के अंदर घुसे तो सामूहिक आत्महत्या की घटना का खुलासा हुआ। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेजा और घटना की जांच में जुट गई है। सूरत के डीसी राकेश बारोट ने कहा कि परिवार के सात लोगों ने आत्महत्या की है। मरने से पहले सुसाइड नोट लिखा गया था और हम उसकी जांच कर रहे हैं। ऐसा लग रहा है कि यह पूरी तरह से आर्थिक समस्या थी लेकिन आगे की जांच की जा रही है।

## कानपुर को मिली 501 करोड़ की सौगात, योगी बोले- सपा बोलती कुछ है और करती कुछ है

सीएम योगी आदित्यनाथ कानपुर शहर को 501 करोड़ रुपये के विकास कार्यों की सौगात देंगे। इसमें 260.92 करोड़ के 43 कार्यों का शिलान्यास व 240.08 करोड़ के 110 कार्यों का लोकार्पण शामिल है। कानपुर में शनिवार को राष्ट्रीय इंटर कॉलेज मैदान में आयोजित अनुसूचित जाति सम्मेलन में सीएम योगी आदित्यनाथ पहुंचे। सबसे पहले उन्होंने वाल्मीकि जी की प्रतिमा पर पुष्प चढ़ाकर दीप प्रज्जवलित किया। इसके बाद सीएम ने अरनव, दिव्यांशी और मोहक को खीर खिलाई। सीएम ने सबसे पहले बच्चों को गोद लिया। दिव्यांशी जैसे सीएम के गोद मे गई, तो खुश हो गई। सभी बच्चों को खिलौना भी दिया। साथ ही, सीएम ने नगर निगम की 100 कूड़ा गाड़ियों को हरी झंडी दिखाई। ये गाड़ियां घर-घर जाकर कूड़ा उठाएंगी। इसके बाद सीएम योगी ने 501 करोड़ की 153 परियोजनाओं का शिलन्यास और लोकार्पण किया।



उन्होंने सभा को संबोधित करते हुए कहा कि सपा बोलती कुछ है और करती कुछ है। कानपुर कभी देश का उभरता हुआ शहर था, देश के आर्थिक संपन्न शहरों के रूप में जाना जाता था। पिछली सरकारों ने उसे तहस नहस कर दिया। आज मेट्रो का सफल संचालन हो रहा है। कानपुर डिफेंस मैन्युफैक्चरिंग का हब भी बन रहा है। यहां पहले ही वर्ष में 38 हजार करोड़ के नए कार्यक्रम लेकर चल रहे हैं। कहा कि भाजपा सरकार कानपुर-बुंदेलखंड को उसका वैभव दिलाने के लिए कार्य कर रही है। कानपुर अर्थव्यवस्थाता का केंद्र बिंदु बनाया जा रहा है। वहीं, मंत्री व पूर्व आईपीएस असीम अरुण ने कहा कि अनसूचित वर्ग में कई जातियां हैं, जो समाज से अलग हैं। उन्हें भाजपा ने उनका हक दिलाया। सपा पर कटाक्ष करते हुए कहा कि पिछली सरकारों में सिर्फ शोषण किया गया। प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र चौधरी ने कहा कि पिछली सरकार में अनुसूचित वर्ग के साथ जमकर शोषण किया गया। जब चुनाव आता है, तब उन्हें अनुसूचित वर्ग याद आता है। विधानसभा अध्यक्ष ने कहा कि भाजपा द्वारा गरीब कल्याण की बात करती है। अन्य पार्टियों ने दलित वर्ग को सिर वोट बैंक समझा जाता है। उनकी संख्या सिर्फ इसलिए बताई जाती है कि उनका वोट लेना है। कानपुर की धरती धन्य है, जहां महर्षि वाल्मीकि का आश्रम भी है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शनिवार को आयोजित कार्यक्रम में औरैया जिले को 688 करोड़ रुपये की सौगात दी। कार्यक्रम में उन्होंने महिलाओं की पेंशन बढ़ाने का भी वादा कियाकोई समाज तब तक स्वावलंबी व सशक्त नहीं हो सकता, जब तक समाज में आधी आबादी सुरक्षित व सम्मान के साथ जीवनयापन न कर रही हो। इसे ध्यान में रखकर प्रधानमंत्री ने नारी शक्ति वंदन अधिनियम को पूरी प्राथमिकता के साथ नई संसद का पहला सत्र मातृशक्ति को समर्पित किया। विधानसभा व लोकसभा में उनके लिए एक तिहाई सीटें रिजर्व हों और वे चुनकर आएं। यह बातें सीएम योगी आदित्यनाथ ने औरैया में कहीं। सभा को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने महिलाओं को आश्वस्त किया कि निराश्रित बहनों के लिए पेंशन 1000 रुपये प्रतिमाह दी जा रही है, जिसे आने वाले समय में बढ़ाया जाएगा। मुख्यमंत्री ने इस अवसर पर तिरंगा मैदान से जनपद को 688 करोड़ की 145 विकास परियोजनाओं की सौगात दी। सीएम ने कहा कि आधी आबादी को सम्मान दिए बिना विकास की योजनाओं का मूल्य अधूरा है। उन्होंने बताया कि मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना के अंतर्गत बेटी के जन्म लेने से स्नातक की पढ़ाई के लिए सरकार अब तक 15 हजार रुपए दे रही है। नए सत्र से इसे बढ़ाकर 25 हजार रुपये करने का निर्णय लिया जा चुका है। डबल इंजन की सरकार ने तय किया कि परिवार की आर्थिक स्थिति ठीक नहीं है तो बेटी की जिम्मेदारी सरकार लेगी। बेसिक शिक्षा परिषद के स्कूलों में पढ़ने वाले बच्चों को दो यूनिफॉर्म, जूता, मोजा, बैग, किताब, स्वेटर देने की व्यवस्था तय कर दी गई है। पंजीकरण के साथ ही 1200 रुपये परिवार के अकाउंट में चले जाते हैं। सीएम ने कहा कि जातिवाद के नाम पर परिवारवाद को बढ़ावा देने वाले लोग आमजन को विकास कार्यों से वंचित रखते थे। हमने जाति-परिवार, क्षेत्र और भाषा के नाम पर सामाजिक तानेबाने को छिन्न-भिन्न करने का पाप नहीं किया। विजयादशमी के दौरान शांतिपूर्वक सभी कार्यक्रम हुए। 2017 के पहले पर्व-त्योहार आशंकाओं को लेकर आता था पर साढ़े छह वर्ष में त्योहार उत्साह-उमंग से मनाए जाते हैं। जनपदों में 50 हजार से अधिक मूर्तियां बैठीं पर एक भी जगह अव्यवस्था नहीं हुई। सीएम ने कहा कि इस वर्ष की दीपावली काफी शुभ होगी, क्योंकि इस दिन से प्रदेश के हर घर, देवस्थल पर दीपोत्सव से जुड़ेंगे।

यह कार्यक्रम तब तक चलना चाहिए, जब तक भगवान श्रीराम अपने भव्य मंदिर में विराजमान न हो जाएं। अयोध्या में भव्य मंदिर निर्माण कार्य चल रहा है। 22 जनवरी को जैसे ही प्रधानमंत्री के करकमलों से यह कार्यक्रम संपन्न होगा, अगले दिन से हम लोग जनपदों से रामभक्तों को दर्शन के लिए वहां ले जाने का कार्यक्रम बनाने जा रहे हैं। इस अवसर पर भाजपा महिला मोर्चा की प्रदेश अध्यक्ष व राज्यसभा सांसद गीता शाक्य, महिला व बाल विकास मंत्री बेबीरानी मौर्य, औरैया के प्रभारी मंत्री डॉ. संजय निषाद, इटावा के सांसद डॉ. रामशंकर कठेरिया, कन्नौज के सांसद सुब्रत पाठक, विधायक गुड़िया कठेरिया, भाजपा के क्षेत्रीय अध्यक्ष प्रकाश पाल आदि मौजूद रहे।

## रक्षामंत्री राजनाथ सिंह बोले - मैं आरएसएस का कार्यकर्ता हूं, संघ के आदेश को कभी नहीं टालता

रक्षामंत्री राजनाथ सिंह ने लखनऊ में राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के पूर्व प्रचारक संकठा प्रसाद के जीवन पर आधारित पुस्तक का विमोचन किया। इस अवसर पर उन्होंने पूर्व प्रचारक व किसानों की समस्या पर अपने विचार रखे। रक्षामंत्री राजनाथ सिंह ने कहा कि मैं राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ का कार्यकर्ता हूं। मैं संघ के आदेश को कभी नहीं टालता। जब मुझे इस बात की सूचना दी गई कि ठाकुर संकठा प्रसाद के व्यक्तित्व पर प्रकाशित पुस्तक का विमोचन होना है तो मैं व्यस्तता के बावजूद आ गया। रक्षामंत्री आरएसएस के प्रचारक स्वर्गीय ठाकुर संकठा प्रसाद के जीवन पर आधारित



पुस्तक के विमोचन के अवसर पर बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि ठाकुर संकठा प्रसाद अनुशासन के मामले में बेजोड़ हैं। पुस्तक का शीर्षक कर्मयोगी संकठा प्रसाद है लेकिन वह निष्काम कर्मयोगी थे। उनकी कड़क आवाज में भी अपनापन था। जो व्यक्ति मन का बड़ा होता है वह लोगों के दिल को जीत लेता है वह खुद भी आनंदित रहता है और लोगों को भी खुश रखता है। संकठा प्रसाद छोटे मन के नही थे। बड़े मन का व्यक्ति आध्यात्मिक होता है। इसका मतलब यह नहीं कि वह मंदिर या धर्मस्थल पर जाए। ठाकुर साहब का मन बड़ा था। मैं कह सकता हूं कि संकठा जी का पुनर्जन्म नही होगा, उन्हें मोक्ष प्राप्त होगा। उन्होंने राष्ट्रधर्म का पालन किया। वह संघ के स्वयंसेवक थे, किसान संघ में भी उन्होंने राष्ट्र के लिए काम किया। उन्होंने कहा था कि किसान खुशहाल होगा तो देश खुशहाल होगा। कृषि ऋण पर 14 से 18 फीसदी ब्याज 4 प्रतिशत करना चाहिए। यह उनका भी सुझाव था। किसान कॉल सेंटर भी उनके मार्गदर्शन से शुरू हुआ कराया गया था।

### किसानों को उपज का मूल्य दिलाने को लेकर थे चिंतित

मोहिनी मोहन मिश्र ने कहा कि स्वर्गीय ठाकुर संकठा प्रसाद के बारे में सोचते है तो लगता है उनकी यह यात्रा इतनी सहज नहीं होगी लेकिन वह बहुत सरल और सहज व्यक्तित्व के धनी थे। कभी कठोर तो कभी नरम थे। नारियल की तरह बाहर से बहुत कठोर और अंदर से बहुत नरम थे। संघ से किसान संघ बनाने की राह में कितने कांटे उन्हें चुभे होंगे इसकी कल्पना की जा सकती है। उनके मन मे कष्ट था कि किसानों को लाभकारी मूल्य नहीं मिल रहा है। मानस में ही नहीं है कि किसानों को अच्छा मूल्य मिल जाए। इस मानस को बदलने के लिए वह चिंतित थे।

## हम किसानों का कर्जा फिर करेंगे माफ, कोंडागांव में BJP पर बरसे राहुल, बोले- पहली ही बैठक में लिया था फैसला

कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने भाजपा पर जमकर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि हमने धान के लिए छत्तीसगढ़ के किसान को 2500 प्रति क्विंटल देने का वादा किया था लेकिन आज 2640 रुपये प्रति क्विंटल मिल रहा है। ऐसा इसलिए है क्योंकि हमारी नीयत साफ है। इसीलिए हमने आपके कहे बिना ही उसे बढ़ा दिया और कुछ ही समय में यह धीरे-धीरे 3000 रुपये हो जाएगा।छत्तीसगढ़ विधानसभा चुनाव का बिगुल बजने के बाद राजनीतिक दलों ने चुनावी अभियान को तेज कर दिया। इस बीच कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने शनिवार को कोंडागांव में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पर जमकर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी ने हर बैंक खातों में 15-15 लाख रुपये डालने की बात कही थी। इस तरह से कई अलग-अलग वादें किए, लेकिन उन्होंने एक भी वादा पूरा नहीं किया। मैं यहां पर कोई झूठा वादा करने नहीं आया हूं। मैं जो कहता हूं वो करके दिखा देता है।धान खरीद कीमत- कांग्रेस नेता ने कहा कि हमने धान के लिए छत्तीसगढ़ के किसान को 2500 प्रति क्विंटल देने का वादा किया था, लेकिन आज 2640 रुपये प्रति क्विंटल मिल रहा है। ऐसा इसलिए है, क्योंकि हमारी नीयत साफ है। इसीलिए हमने आपके कहे बिना ही उसे बढ़ा दिया और कुछ ही समय में यह धीरे-धीरे 3,000 रुपये हो जाएगा। किसानों की करेंगे कर्जमाफी- उन्होंने कहा कि हमने पिछले बार किसान का कर्जा माफ करने की बात कही थी, लेकिन भाजपा ने कहा कि एक-दो साल में नहीं होगा, परंतु पहली कैबिनेट मीटिंग में किसानों की कर्जमाफी की। इससे 19 लाख किसानों को फायदा मिला। हमने 10,000 करोड़ रुपये की कर्जमाफी की और यही वादा एक बार फिर मैं कर रहा हूं। कांग्रेस कहा कि 26 लाख किसानों को 23,000 करोड़ रुपये किसान न्याय योजना के तहत दिया गया।कांग्रेस का बड़ा एलान- इससे पहले राहुल गांधी ने कांकेर में मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की मौजूदगी में एक रैली को संबोधित करते हुए बड़ा एलान किया। उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ के सभी सरकारी स्कूलों और कॉलेजों में केजी से लेकर पीजी तक मुफ्त शिक्षा मिलेगी।



## कृषि मंत्री रहकर कुछ नहीं किया, PM Modi के तंज पर शरद पवार का पलटवार, बोले- ध्यान में रखना चाहिए संवैधानिक पद

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा तंज कसे जाने के बाद राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (एनसीपी) सुप्रीमो शरद पवार ने शनिवार को कहा कि प्रधानमंत्री का पद एक महत्वपूर्ण पद है पीएम को अपने संवैधानिक कद को ध्यान में रखते हुए कोई भी बयान देना चाहिए। मालूम हो कि जब केंद्र में कांग्रेस के नेतृत्व वाली यूपीए सरकार (2004-14) थी तब पवार कृषि मंत्री थे। शरद पवार ने पीएम मोदी के तंज पर दिया जवाब- पीएम के डर ने इस बयान के लिए किया मजबूर- शरद पवार प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा तंज कसे जाने के बाद राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (एनसीपी) सुप्रीमो शरद पवार ने शनिवार को कहा कि पीएम को अपने संवैधानिक कद को ध्यान में रखते हुए बयान देना चाहिए।




### पद की गरिमा ध्यान रखते हुए दूंगा जवाब

शरद पवार ने मुंबई में एक प्रेस वार्ता में कहा, प्रधानमंत्री का पद एक महत्वपूर्ण पद है। एक प्रधानमंत्री को अपने संवैधानिक कद को ध्यान में रखते हुए बयान देना चाहिए। मुझे नहीं पता कि उन्होंने मुझे क्यों निशाना बनाया, लेकिन मुझे लगता है कि उन्होंने जो कुछ भी कहा वह इस तथ्य के कारण है कि उन्हें सही तरीके से जानकारी नहीं दी गई थी। पीएम ने मुझ पर जो भी बयान दिया है, मैं पीएम पद के महत्व और गरिमा को ध्यान में रखते हुए उस पर जवाब दूंगा।

### UPA सरकार में थे कृषि मंत्री

जब केंद्र में कांग्रेस के नेतृत्व वाली यूपीए सरकार (2004-14) थी, तब पवार कृषि मंत्री थे। यूपीए सरकार में कृषि मंत्री रहे शरद पवार पर हमला बोलते हुए पीएम मोदी ने कहा था कि जहां बीजेपी के नेतृत्व वाली सरकार सक्रिय रूप से किसानों को सशक्त बना रही है, वहीं महाराष्ट्र में कुछ लोग किसानों का प्रतिनिधित्व करने की आड़ में राजनीतिक गतिविधियों में लगे हुए हैं।

### पीएम के डर ने इस बयान के लिए किया मजबूर

शरद पवार ने यह भी दावा किया कि सत्ता खोने के डर ने पीएम को ऐसी टिप्पणी करने के लिए प्रेरित किया होगा। उन्होंने कहा, प्रधानमंत्री शिरडी में साईं बाबा के दर्शन के लिए गए थे, वहां शरद पवार के दर्शन करने की क्या जरूरत थी। अगर आप देशव्यापी तस्वीर देखें, तो ऐसे कई राज्य हैं, जहां भाजपा सत्ता में नहीं है या उनकी सरकार नहीं है। सरकार अन्य दलों में कुछ तोड़फोड़ के बाद आई है और जहां भी भाजपा सरकार है, वे कमजोर स्थिति में हैं। इस कमजोरी और सत्ता खोने के डर ने उन्हें (पीएम) ऐसे बयान देने के लिए मजबूर किया होगा।

### अपनी परेशानियों का किया जिक्र

इसके अलावा, राकांपा सुप्रीमो ने कांग्रेस शासन के तहत कृषि मंत्री के रूप में अपने 10 साल के कार्यकाल के दौरान सामना की गई संकट की स्थिति के बारे में बताया। पवार ने कहा, मैं कृषि मंत्री के रूप में मेरे कार्यकाल के बारे में शिरडी में पीएम मोदी द्वारा दिए गए बयानों पर अपना रुख स्पष्ट करना चाहता हूं। मैं 2004 से 2014 तक 10 वर्षों तक कृषि मंत्री था। कृषि मंत्री के रूप में मेरे कार्यकाल के पहले दिन ही मेरे सामने संकट खड़ा हो गया था। उन्होंने कहा, मुझे सार्वजनिक वितरण प्रणाली के लिए खाद्यान्न के आयात के लिए एक दस्तावेज पर हस्ताक्षर करना था, अगर वह समय पर नहीं किया जाता तो हमारा पीडीएस वितरण रोक दिया जाता।

## संपादकीय Editorial

# Again india vs india

The National Council of Educational Research and Training (NCERT) has recommended that the word 'Bharat' be used in place of 'India' in the syllabus. At present it is limited to the thinking and recommendations of a committee. Article 1 of the Constitution mentions 'India, which is India'. That is, both the words were acceptable to our constitution-makers and they were considered mutually complementary. Even after 76 years of independence, there is a section which considers these two words as contradictory. Considers 'India' as a colonial relic. 'India' has been explained by linking it to the Greek language, pronunciation, Alexander and the Indus Valley Civilization. What have we to do with such ancient history, language and its influences? How long will we remain dependent on foreigners? India is an independent, sovereign, democratic nation, with its own unanimous Constitution. We believe that all discussions should be held after 1947 only. The process of converting 'India' into 'Bharat' cannot be implemented by any organization or council. For that, a proposal to amend the Constitution will have to be passed in the Parliament. If NCERT wants to teach students the proper history of our freedom movement, then it should be compiled in separate volumes from 1857 to 1947 and written afresh. This is a very extensive and tedious task and also requires sufficient time. In the context of this history-writing, the periods of British rule will also come automatically, hence 'one sect, two causes' can be said.

We believe that everything in the school curriculum should be in the abstract. The remaining and detailed studies can be done by students during higher education, as per their interest. There is no justification in continuing to harp on the past like the ancient period, the ancient period, the Stone Age, the Mughal period. These should be left to researchers in the context of different histories. The tender minds of school students should not be polluted. There is nothing to be gained from reading such history except bitterness and hatred. The campaign of 'India' versus 'Bharat' is also meaningless. Is this being done in view of nationalism, Hinduism, Hindivad or does it have any cultural significance? Of course, our roots, our identity and our cultural heritage lie in 'India' only. 'Bharatam' is mentioned in Vishnu Purana, Brahmapurana and many ancient religious texts. But our country has also been addressed by names like 'Aryavarta', 'Hind', 'Hindustan', 'Bharatkhand', 'Himvarsh' etc. No one has any objection. Apart from 'Bharat', there are many mythological stories associated with 'India' also. Indumati was the wife of King Aja of Ayodhya and mother of Dasharatha. When King Ram sat on the throne of Ayodhya, the name of Grandmother Indumati was also prevalent during his period, which we today call 'India'. The name 'Bharat' was named after Bharat, the younger brother of King Ram. Legend also has it that the name of the son of King Dushyant and Shakuntala was also 'Bharat'. Rishi Kanva had blessed him to become 'Chakravarti Samrat', hence on his basis we became 'India'.

Bharat, the 'Chakravarti' son of the first Tirthankara of Jainism, Rishabhdev, was a world-conquering emperor, hence the country was named 'Bharat'. However, both the terms are popular.

# Population: Troubled by the aging population, Europe and India should also prepare to meet this challenge.

**The effects of increasing elderly population in countries like Europe and Japan will be far-reaching. In India too, the elderly population is expected to increase by 2050. In any country, as the number of elderly i.e. people above 65 years of age increases, there is a decrease in savings, decline in labor force and decrease in investment rate. In this context, the population of elderly people in Europe has increased so much that the people there are facing many problems, among which economic and social problems are more important. The challenges that Europe is facing today due to the increase in the number of elderly people, other countries will have to face in 2064. The latest report of the World Health Organization (WHO) states that in Europe, in the year 2024, the number of elderly people above 65 years of age will be more than that of teenagers under 15 years of age. It is noteworthy that in 2022, 21.1 percent of the population of the European Union was 65 years of age or older. According to this WHO report, to deal with the current negative situation, the people of Europe will have to change their lifestyle and habits. Due to longer life expectancy, while the elderly population in Europe is increasing, the birth rate of children is decreasing drastically. WHO says that in Europe and countries where the elderly population is high, the elderly will have to participate in sports and cultural activities more time per day. They will have to do at least 150 minutes of exercise every week, only then they will be able to remain healthy and participate in economic, social and cultural activities. WHO also says that being physically active can reduce the risk of death by 35 percent. With the increase in the number of elderly people, changes are visible at the economic, social and cultural level in European countries. For example, the decline in youth population has reduced the physical capacity of the workforce, leading to decline in production, slowing economic activity and higher expenditure on health, thereby weakening the economy. Apart from Europe, Japan is also troubled by the increasing population of elderly. According to the recent report of WHO, the number of elderly people aged 100 or more in Japan has exceeded 92 thousand. America is also troubled by long life expectancy, low birth rate, increased health care costs, as expenditure on public health is increasing there. Due to this there has been a huge reduction in the number of workers there. America's dependence on other countries for workers has increased. Industries have also been negatively impacted. Cases of loneliness and depression are being seen among children, teenagers and youth. Due to the adoption of one child policy to control the population in the year 1980, the youth population in China has decreased and the number of elderly has increased drastically. According to the United Nations Population Division, China's labor population will be reduced to only 548 million in the next century. The decline in the labor force will have a negative impact on the country's infrastructure, which is a driver of development. However, India is untouched by this problem. In India, the elderly population of 5.5 percent in 2011 will increase to 15.2 percent by the year 2050, while in the year 2050, the elderly population will be 32.6 percent in China and 23.2 percent in America. In India, by the year 2050, the elderly population will constitute one-fifth of the total population in four southern states, Andhra Pradesh, Kerala, Karnataka and Tamil Nadu. The number of youth population in the states like Uttar Pradesh, Rajasthan, Assam, Bihar, Haryana etc. will be high in the year 2050, due to which the migration of youth from these states to the southern states will continue. Due to such changes, the pressure on the infrastructure of the southern states may also increase and changes may be seen in the social and cultural level. Even though its overall impact is not visible from the economic, social and cultural perspective, its far-reaching impact cannot be ruled out. Therefore, European countries, Japan, China and America need to make new policies in the changed environment and implement them concretely.**

# Assessment: Pakistan's political equations between Nawaz and Imran are interesting

**The army brought Nawaz Sharif to deal with Imran, but the crowd in Lahore did not welcome him. Nawaz may not even be able to contest elections due to corruption cases. In that case, Shahbaz's luck may change. The problem of the army is that it has no match to Imran's popularity. There is a popular saying in Punjab - 'Lahore Lahore Aye'. After that the saying 'Jin Lahore Nayi Vekhya O Jamya Nayi' is famous. Lahore people are very proud of themselves and they feel that no other city in Pakistan is better than Lahore. But all that is changing, as we saw this week, when the citizens of Lahore refused to welcome their lion and exiled leader Mian Nawaz Sharif after his return from four years of self-imposed exile. As a result, Pakistan Muslim League-Nawaz (PML-N) had to depend on the crowd coming from different cities of Punjab. The people of Lahore have been voting for PML-N for decades and the provincial capital has been a stronghold of the Sharif family. But everyone noticed that the common Lahori supporters were missing and the business of the city was going on as usual, with no one having any idea of what was happening at the Minar-e-Pakistan ground. PML-N has become so unpopular in Lahore city that in the by-elections, Imran Khan's party PTI won every seat not only in Lahore but also in the surrounding constituencies. The elite people of Lahore are firmly in the PTI camp. It seems that we are once again returning to 2018, when the security establishment installed a new face, Pakistan Tehreek-e-Insaf Party leader Imran Khan, as the Prime Minister in the hope that through him he would rule Pakistan. Could. Direct martial law is no longer popular or tolerated inside or outside Pakistan. Instead of this, it is easier to install one's puppet in the Prime Minister's Office and run the government through him. But as soon as Imran Khan settled down after a few years, he tried to show himself independent from the army. First of all, he wanted to nominate his man to the post of Director General of ISI and shuffle the generals in the Army Headquarters, so that he could install his man on the post of the most powerful person in Pakistan, the Army Chief. The security establishment could not tolerate this and behind the scenes, the then Army Chief General Qamar Javed Bajwa got a no-confidence motion against Imran Khan in the Parliament, where for the first time in the short history of parliamentary democracy, an elected leader of the House could be removed through a no-confidence motion. is removed. Now the security establishment is working on its second plan (Plan B). This time he has chosen Nawaz Sharif as his 'military toy'. However, Nawaz Sharif is still fighting against the sentence in the courts and is yet to be acquitted of the charges. These days he is on bail, but the most powerful people have made his life easy. Even after being convicted in two corruption cases, he has been given VVIP protocol. One army chief, General Bajwa, facilitated his exile due to health reasons, while the other army chief, General Asim Munir, arranged for his smooth return. But it is quite clear that Nawaz Sharif will have to overcome many legal hurdles before reaching the post of Prime Minister for the fourth time. These are mostly legal issues related to his eligibility, due to which he may not be allowed to contest elections, as he is still a convicted politician and there is no guarantee that the courts will acquit him. Not acceptable. Despite being in jail, Imran Khan's popularity remains intact. He still has a chance to make a comeback if there are fair and free elections. But even if PTI is not banned and it participates in the elections, the party has no face to lead outside the jail. The major challenge for the security establishment before the elections is that it has no option to deal with the popularity of Imran Khan.Not acceptable. Despite being in jail, Imran Khan's popularity remains intact. He still has a chance to make a comeback if there are fair and free elections. But even if PTI is not banned and it participates in the elections, the party has no face to lead outside the jail. The major challenge for the security establishment before the elections is that it has no option to deal with the popularity of Imran Khan.. If Nawaz Sharif is disqualified from contesting the elections, Shehbaz's fortunes may shine as the security establishment would not want to make an untested face like Maryam Sharif the Prime Minister. In fact, if a young and new face is to be appointed to the Prime Minister's Office, then Pakistan Peoples Party chief Bilawal Bhutto has more experience, as he was the foreign minister in the previous cabinet. Apart from this he is a more popular and respected leader than other politicians. Not acceptable. Despite being in jail, Imran Khan's popularity remains intact. He still has a chance to make a comeback if there are fair and free elections. But even if PTI is not banned and it participates in the elections, the party has no face to lead outside the jail. The major challenge for the security establishment before the elections is that it has no option to deal with the popularity of Imran Khan.. If Nawaz Sharif is disqualified from contesting the elections, Shehbaz's fortunes may shine as the security establishment would not want to make an untested face like Maryam Sharif the Prime Minister. In fact, if a young and new face is to be appointed to the Prime Minister's Office, then Pakistan Peoples Party chief Bilawal Bhutto has more experience, as he was the foreign minister in the previous cabinet. Apart from this he is a more popular and respected leader than other politicians.The way the security establishment is trying to keep Imran Khan away from the elections is shocking to many people in Pakistan. Not acceptable. Despite being in jail, Imran Khan's popularity remains intact. He still has a chance to make a comeback if there are fair and free elections. But even if PTI is not banned and it participates in the elections, the party has no face to lead outside the jail. The major challenge for the security establishment before the elections is that it has no option to deal with the popularity of Imran Khan.Not acceptable. Not acceptable. Despite being in jail, Imran Khan's popularity remains intact. He still has a chance to make a comeback if there are fair and free elections. But even if PTI is not banned and it participates in the elections, the party has no face to lead outside the jail. The major challenge for the security establishment before the elections is that it has no option to deal with the popularity of Imran Khan.Despite being in jail, Imran Khan's popularity remains intact. He still has a chance to make a comeback if there are fair and free elections. But even if PTI is not banned and it participates in the elections, the party has no face to lead outside the jail. The major challenge for the security establishment before the elections is that it has no option to deal with the popularity of Imran Khan.Not acceptable. Despite being in jail, Imran Khan's popularity remains intact.ctions. But even if PTI is not banned and it participates in the elections, the party has no face to lead outside the jail. The major challenge for the security establishment before the elections is that it has no option to deal with the popularity of Imran Khan.**

## बेसिक शिक्षा मंत्री द्वारा उत्कृष्ट कार्य के लिए शिक्षकों को किया गया सम्मानित

क्यूँ न लिखूँ सच
मौ.युसूफ





मुरादाबाद जनपद के शिक्षक कुलदीप कुमार एवं हेमवती ने किया प्रतिभाग मुरादाबाद।जनपद के विकास खण्ड डिलारी के अन्तर्गत उच्च प्राथमिक विद्यालय इग्राह कंपोजिट के प्रभारी प्रधानाध्यापक कुलदीप कुमार एवं विकास खण्ड छजलैट के अन्तर्गत उच्च प्राथमिक विद्यालय छजलैट की प्रधानाध्यापिका हेमवती को कल्याण सिंह हैबिटेट सेन्टर अलीगढ़ में मिशन शिक्षण संवाद और बेसिक शिक्षा विभाग अलीगढ़ के संयुक्त तत्वावधान में प्रदेश भर के 250 बेसिक शिक्षकों की दो दिवसीय निपुण कार्यशाला के समापन समारोह में बेसिक शिक्षा मंत्री संदीप सिंह द्वारा सम्मानित किया गया कुलदीप कुमार द्वारा अवगत कराया गया कि शिक्षकों द्वारा अपने शैक्षिक अनुभव प्रदेश भर के प्रतिभागियों के साथ साझा किए।

शिक्षकों द्वारा कार्यशाला में प्रतिभागियों ने शिक्षण में बहुउपयोगी सामग्री सहित टीएलएम की प्रदर्शनी भी लगाई। शिक्षण संवाद के संयोजक अवनिन्द्र जादौन ने टीम मिशन शिक्षण संवाद के विभिन्न पटलों के कार्यों का परिचय दिया। जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी राकेश सिंह ने दो दिवसीय कार्यक्रम की रूप-रेखा प्रस्तुत की।कार्यक्रम में मिशन शिक्षण संवाद के संस्थापक विमल कुमार, संयोजक अवनिन्द सिंह, कार्यक्रम संयोजक रविन्द्र सिंह, मिशन शिक्षण संवाद अलीगढ़ के एडमिन यतेन्द्र सिंघल एवं प्रिया शर्मा आदि का सराहनीय योगदान रहा।

## तीन मंजिला घर में लगी आग, सारा सामान जलकर राख, फंसे 12 लोगों को बचाया सुरक्षित





मुरादाबाद- लोहागढ़ में प्रकाश रस्तोगी के घर लगी आग बुझाते अग्निशमन दल के जवान और घर में रखा सामान जलकर राख लोहागढ़ में जैन मंदिर के पास के निवासी प्रकाश रस्तोगी के घर आग लग लग गई। तीन मंजिला मकान में शुक्रवार रात के तीन बजे घर के ऊपरी दो मंजिल के भवन में आग लग गई थी। अग्निशमन दल को आग बुझाने में तीन घंटे का समय लग गया। सुबह छह बजे आग बुझ पाई। आग बुझाने में पांच अग्निशमन वाहन ( टेंडर ) लगे थे। आग कैसे लगी, इस संबंध में अग्निशमन अधिकारी ज्ञान प्रकाश शर्मा ने बताया कि प्रकरण की जांच की जा रही है। बताया कि मकान में 12 लोग फंसे थे, इन्हें सुरक्षित निकालकर बचाया भी गया है। आग लगने का मंजर इतना भयावह था कि मकान में फंसे लोग बचाव के लिए चिल्ला रहे थे। पूरे भवन में धुआं भर था। सकरी गली वाले मकान के आसपास के घरों के प्रभावित होने की सभावना हो गई थी। लोग अपने घरों से बाहर सड़क पर आ गए थे। जिस घर में आग लगी थी, वह काफी पुराना था। छत में लकड़ी की बल्लियों के सहारे थी, ये बल्लियां भी जलकर राख हो गई थीं। आग लगने से गृह स्वामी को लाखों रुपये की कीमत का नुकसान हुआ है।

### छज्जों से गिर रहा था आग का लावा, मुश्किल था खुद का बचाव

अग्निशमन अधिकारी ज्ञान प्रकाश शर्मा ने बताया कि घटनास्थल काफी सकरी गली में था। रास्ते के दोनों साइड के मकान के छज्जे पास में जुड़े थे। मौके पर पहुंचने का रास्ता ऐसा था

कि बाइक तक मुड़ नहीं सकती थी। ऐसे में घटनास्थल से 300 मीटर दूर अग्निशमन वाहन खड़े कर 400 मीटर तक पाइप बिछानी पड़ी। मकान की दूसरी व तीसरी मंजिल के छज्जों की लकड़ियों की बल्लियां जलकर आग का लावा नीचे गिर रहा था। ईंटे भी चिटकर आग से लाल होकर नीचे गिर रही थीं। ऐसे में कर्मचारियों को अपना भी बचाव करना मुश्किल पड़ने लगा था। लेकिन, प्रशिक्षित कर्मियों ने न सिर्फ अपना बचाव किया बल्कि आग पर काबू पाकर मकान में असुरक्षित लोगों को भी निकालकर सुरक्षित किया है।

KYUN NA LIKHUN SACH
हिंदी अंग्रेजी दैनिक समाचार पत्र
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच
को आवश्यकता है उत्तर प्रदेश, उत्तराखंड मध्य प्रदेश, दिल्ली, बिहार पंजाब छतीसगढ़ राजस्थान आदि सभी राज्यों से रिपोर्टर, जिला ब्यूरो विज्ञापन प्रतिनिधि की
सम्पर्क करे-9027776991

## जीएस और गणित के सवालों में उलझे परीक्षार्थी, 17, 664 रहे अनुपस्थित



मुरादाबाद- जिले में 47 केंद्रों पर हुई उत्तर प्रदेश अधीनस्थ सेवा चयन आयोग की प्रारंभिक अर्हता परीक्षा ( पीईटी ), पहली पाली में 13,235 और दूसरी पाली में 13,549 परीक्षार्थियों ने दी परीक्षा, नोडल अधिकारी, सेक्टर व स्टेटिक मजिस्ट्रेटों ने की निगरानी उत्तर प्रदेश अधीनस्थ सेवा चयन आयोग की प्रारंभिक अर्हता परीक्षा ( पीईटी ) शनिवार को जिले में 47 केंद्रों पर नोडल अधिकारी व सेक्टर मजिस्ट्रेट की निगरानी में शांतिपूर्वक हुई। परीक्षार्थी जीएस ( सामान्य अध्ययन ) और गणित के सवालों में उलझे।

उनका कहना है कि दोनों विषय के सवाल अपेक्षा से ज्यादा कठिन थे। पहली पाली में 13,235 और दूसरी पाली में 13,549 परीक्षार्थियों ने परीक्षा दी। दोनों पालियों में 44,448 परीक्षार्थियों का पंजीकरण था। शनिवार को 47 केंद्रों पर दो पाली में परीक्षा हुई। पहली पाली में सुबह 10 से 12 बजे तक परीक्षा कराई गई। इसमें 22,224 परीक्षार्थियों का पंजीकरण था। इनमें से 13,235 परीक्षार्थी उपस्थित रहे। 8,989 परीक्षार्थियों ने परीक्षा से किनारा किया। दूसरी पाली की परीक्षा दोपहर 3 से 5 बजे तक कराई गई। पंजीकृत 22,224 में से 13,549 परीक्षार्थी उपस्थित और 8,675 अनुपस्थित रहे। दोनों पालियों में 44,448 परीक्षार्थियों का पंजीकरण था। इनमें कुल 26,784 उपस्थित रहे, जबकि 17, 664 परीक्षार्थियों ने परीक्षा से किनारा कर लिया। इस दौरान सभी स्कूलों में सुरक्षा को देखते हुए पुलिस मौजूद रही। परीक्षा नोडल अधिकारी व सेक्टर मजिस्ट्रेट और स्टेटिक मजिस्ट्रेट के निगरानी में नकलविहीन, शांतिपूर्ण व शुचिता के साथ हुई। मैंने इस परीक्षा के लिए काफी समय से तैयारी शुरू कर दी थी। परीक्षा में जीएस के सवाल अपेक्षा से ज्यादा कठिन आए। जिससे थोड़ी परेशानी हुई। - अमरजीत ,परीक्षा में अगर जीएस और रिजनिंग को मिला दिया जाए, तो करीब 60 से 70 प्रतिशत पेपर इन दोनों पर आधरित था। मैंने रिजनिंग के लिए खास तैयारी की। जिसका फायदा मिला। - शेखर ,मैथोडिस्ट स्कूल की ओर से परीक्षार्थियों के बेहतर सुविधा मिली। स्कूल के गेट पर बेल्ट, पर्स, चश्मा आदि रखने के लिए बेहतर प्रबंध थे। जिससे आसानी हुई। - मोहम्मद शोएब ,परीक्षा को लेकर काफी उत्साहित था। पेपर देख कर काफी संतुष्टि मिली। गणित के सवालों ने कुछ परेशान किया। गणित के सवाल काफी कठिन रहे। ओवरऑल देखा जाए तो पेपर को बेहतर कह सकते हैं। - शिव प्रताप सिंह

## वैदिक अपहरणकांड : 84 दिन बाद न्यायालय में 700 पन्ने की चार्जशीट दाखिल

**■ पांच अगस्त को हुआ था अपहरण, दूसरे दिन पुलिस मुठभेड़ में सकुशल बरामद हुआ था बच्चा**

मुरादाबाद- 5 अगस्त की शाम को नवनीत गुप्ता के सात साल के बेटे वैदिक गुप्ता को अपहरण कर 40 लाख रुपये की फिरौती मांगने वाले तीनों आरोपियों के विरुद्ध विवचेक ने शुक्रवार को मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी के न्यायालय में चार्जशीट दाखिल कर दी है। 700 पन्ने की चार्जशीट में विवेचक ने अपराध साबित करने के लिए न्यायालय में पर्याप्त सुबूत पेश किए हैं। वैदिक के अपहरणकांड का मास्टरमाइंड कैलाश कश्यप था, जो सिविल लाइंस थाने का हिस्ट्रीशीटर भी है। आशियाना कॉलोनी डी-1-55 निवासी कैलाश के विरुद्ध सिविल लाइंस थाने में तीन केस पहले से दर्ज हैं। नवनीत के पड़ोसी अंकुश शर्मा और उसके साथी सिविल लाइंस के नवीन नगर निवासी शशांक मेहता उर्फ विक्की के साथ मिलकर वैदिक का अपहरण किया था। चार्जशीट में विवेचक सतीश कुमार शर्मा ने कहा है कि बेटे वैदिक गुप्ता के अपहरण और 40 लाख रुपये की फिरौती मामले में 6 अगस्त को फरौती के लिए अपहरण, साक्ष्य छिपाना, अपराधिक षडयंत्र के आरोप में अज्ञात आरोपियों के विरुद्ध एफआईआर दर्ज की गई थी। वादी ने बताया था कि उनके बेटे को आरोपी सफेद रंग की वैगन-आर कार में बैठाकर ले गए हैं। पुलिस ने अपहरण के अगले दिन छह अगस्त की तड़के सुबह मुठभेड़ में आरोपी शशांक मेहता उर्फ विक्की, अंकुश शर्मा के कब्जे से अपहृत बालक वैदिक गुप्ता को सकुशल बरामद किया था। मौके से शशांक व अंकुश को गिरफ्तार भी किया गया था। बयान व सीडीआर की पड़ताल में तीसरा अभियुक्त कैलाश कश्यप पुत्र छोटन का नाम प्रकाश में आया था। प्राप्त साक्ष्य के आधार पर एफआईआर में अपराधिक षडयंत्र से संबंधित धारा की वृद्धि भी की गई थी। इसके बाद कैलाश कश्यप को 12 अगस्त को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया था। तीनों अभियुक्तों को पीसीआर पर लिए जाने के बाद भी फिरौती मांगने का साक्ष्य छिपाने के उद्देश्य से इन लोगों ने फिरौती मांगने को जिस मोबाइल से वादी नवनीत गुप्ता को फोन किया गया, उसे बरामद नहीं कराया। मामले में साक्ष्य छिपाने के आरोप में आइपीसी की धारा-201 की वृद्धि की गई। चार्जशीट में विवेचक ने कहा है कि तमाम गवाह, वादी के बयान, घटनास्थल का निरीक्षण, सीडीआर ( काल डिटेल रिकॉर्ड ), रिलेशन चार्ट व एकत्र सबूतों के आधार पर तीनों अभियुक्तों के विरुद्ध आरोप सत्य साबित हो रहे हैं।

### प्रयोगशाला जांच पुष्टि, वैदिक के ही निकले बाल

विवेचक का दावा है कि अभियुक्तों के पास से अपहृत वैदिक गुप्ता के बाल भी बरामद हुए थे। जिनका डीएनए सैंपल विधि विज्ञान प्रयोगशाला मुरादाबाद में दाखिल किया गया और अभियुक्तों से मोबाइल फोन से अपहृत के पिता से 40 लाख रुपये की फिरौती मांगने की आवाज का मिलान कराने के लिए भी विधि विज्ञान प्रयोगशाला लखनऊ में सैंपल दाखिल किया गया था। इसकी परीक्षण रिपोर्ट नहीं आई है।

## एंटीलार्वा का छिड़काव व फॉगिंग कराओ, शिव सैनिकों ने डीएम कार्यालय पर किया प्रदर्शन...दी भूख हड़ताल की चेतावनी




मुरादाबाद- शिवसैनिकों ने जिलाधिकारी कार्यालय पर डेंगू नियंत्रण के उपाय न होने पर किया प्रदर्शन शिवसेना के मंडल प्रमुख डा. रामेश्वर दयाल तुरैहा के नेतृत्व में शिव सैनिकों ने शनिवार को जिलाधिकारी कार्यालय पर धरना प्रदर्शन किया। सिटी मजिस्ट्रेट किंशुक श्रीवास्तव को ज्ञापन देकर डेंगू की रोकथाम के उपाय कराने की मांग की। मंडल प्रमुख ने कहा कि जिले में डेंगू बीमारी महामारी का रूप लेती जा रही है।

नगर निगम, स्वास्थ्य विभाग व जिला प्रशासन इसे रोकने में फेल है। अब तक हजारों लोग डेंगू की चपेट में आ चुके है। सैकड़ों की मृत्यु हो चुकी है। जिला प्रमुख गुड्डु सैनी ने कहा कि नगर निगम व स्वास्थ्य विभाग द्वारा एंटीलार्वा का छिड़काव व फागिंग नहीं कराई जा रही है। यदि शीघ्र ही एंटीलार्वा का छिड़काव व फागिंग नहीं कराई गई,जिम्मेदारों द्वारा बीमारी को काबू नहीं किया गया तो शिव सैनिक मंडलायुक्त कार्यालय पर अनिश्चितकालीन भूख हड़ताल करेंगे। प्रदर्शन में जिलाध्यक्ष भवानी सेना मंजू राठौर, महानगर प्रमुख मनोज ठाकुर, युवा महानगर प्रमुख राकेश प्रजापति, बबिता सैनी, कपिल ठाकुर, अजय सैनी, प्रमोद सागर, ओमप्रकाश सैनी, ठाकुरदास, नेमवती चंद्रा, राकेश श्रीवास्तव आदि मौजूद रहे।

## उपायों का दिखा असर, स्वास्थ्य सेवाओं में बेहतरी से सुधरी जिले की रैंक, अमरोहा को 23वां स्थान

**रैंक सूची - मुरादाबाद - 15 अमरोहा - 23 बिजनौर - 28 रामपुर - 37 सम्भल - 55**

मुरादाबाद- स्वास्थ्य सेवाओं में बेहतरी से जिले की यूपी हेल्थ डैश बोर्ड की रैंक में उछाल आया है। मुरादाबाद मंडल में नंबर पर रहते हुए सितंबर की प्रगति रिपोर्ट के आधार पर जारी सूची में जिला पूरे प्रदेश में 15वीं रैंक पर है। जबकि अगस्त में 23वीं रैंक थी। इस बार पांच अंकों की उछाल से मंडल मुख्यालय नंबर एक पर है। जबकि मंडल में अग्रणी रहने वाला रामपुर जिला इस बार रैंकिंग सूची में 37वें पायदान पर है। प्रदेश में यूपी हेल्थ डैश बोर्ड की रैंकिंग में वाराणसी प्रथम और मुजफ्फरनगर दूसरे स्थान पर है। स्वास्थ्य सेवाओं में सुधार, शिशु मातृ दर में कमी, जनसंख्या नियंत्रण, टीकाकरण सहित 14 बिंदुओं पर बेहतर कार्य करने के मानक को देखते हुए यूपी हेल्थ डैश बोर्ड की रिपोर्ट प्रदेश के जिलों के लिए जारी होती है। सितंबर की रिपोर्ट में इस बार मंडल मुख्यालय मुरादाबाद 15वीं रैंक पर है। जबकि अगस्त में यह रैंक 23 थी। ग्रामीण क्षेत्र में हेल्थ एंड वेलनेस सेंटरों पर मरीजों का इलाज, नगरीय प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों पर जांच व टीकाकरण आदि के प्रयासों में गंभीरता, जननी सुरक्षा और जनसंख्या नियंत्रण के उपायों पर लोगों को जागरूक करने के सकारात्मक परिणाम का असर रैंक में सुधार के रूप में दिखा।

मंडलीय रैंक में मुरादाबाद मंडल प्रदेश में 5वें स्थान पर है। राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के जिला कार्यक्रम प्रबंधक रघुवीर सिंह का कहना है कि मिशन की ओर से संचालित स्वास्थ्य सेवाओं में सुधार के आधार पर रैंक निर्धारित होती है। मुख्य रूप से शिशु मातृ दर में कमी, अस्पतालों में उपकरणों के रखरखाव व प्रबंधन, परिवार नियोजन उपायों के प्रति जागरूकता से जनसंख्या नियंत्रण, संस्थागत व सुरक्षित प्रसव कराने पर जोर रहता है। जिला कार्यक्रम प्रबंधक ने बताया कि जिले की रैंक सुधरने से मंडल में पहले नंबर पर है। जबकि मंडलीय रैंक में प्रदेश में हम पांचवें स्थान पर आए हैं। जिले में स्वास्थ्य सेवाओं में सुधार के प्रयास गंभीरता से जारी हैं। शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों में चिकित्सा सेवा जन सामान्य के लिए उपलब्ध कराई जा रही है। सुरक्षित, संस्थागत प्रसव से शिशु मातृ मृत्युदर में कमी आई है। टीकाकरण, दवा की उपलब्धता पहले से बेहतर होने का असर डैशबोर्ड की रैंक में बेहतरी के रूप में सबके सामने है। -डॉ. कुलदीप सिंह, मुख्य चिकित्साधिकारी

क्यूँ न लिखूँ सच
स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक नरेश राज शर्मा द्वारा ए0एच0प्रिंटर्स, ए-11, असालतपुरा, लंगड़े की पुलिया, मुरादाबाद-244001(उत्तर प्रदेश) से छपवाकर कार्यालय म.नं. 210 खा सीतापुरी,डबलफाटक जनपद-मुरादाबाद (उत्तर प्रदेश) से प्रकाशित एवं वितरित किया।
संपादक - नरेश राज शर्मा
मो. 9027776991
RNI NO- UPBIL/2021/83001
इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादक हेतु पीआरबी एक्ट के अन्तर्गत उत्तरदायी होंगे तथा समस्त विवाद मुरादाबाद न्यायालय के अधीन होंगे।
क्यूँ न लिखूँ सच समाचार पत्र में सभी पद अवैतनिक है

# सतना शहर के अन्दर स्थिति बिरला कंपनी से निकलने वाले प्रदूषण से जनता परेशान

क्यूँ न लिखूँ सच
प्रदीप कुमार तिवारी




सतना विधानसभा क्षेत्र क 63 से सपाक्स पार्टी प्रत्याशी हरिशंकर तिवारी जी ने मीडिया को बताया कि शहर में फैल रहे प्रदूषण वाले धुए के कारण प्रदूषण दिनो दिन बढ़ता जा रहा है जिससे शहर मे रह रहे इंसान का जीना मुश्किल हो गया है शहर एवं क्षेत्र की जनता से पूछना चाहता हूँ कि क्या आप सब सिर्फ प्रदूषण के लिए बने है और जहाँ तक बात की जाए रोजगार की तो आलम यह है कि शहर एवं गाँव के स्थानीय लोगों को रोजगार के लिए शहर एवं प्रदेश के बाहर जाकर अपने परिवार का भरण पोषण करने के लिए मजबूर है मैं शहर एवं गाँव की जनता से पूछना चाहता हूँ कि क्या आप सिर्फ प्रदूषण झेलने के लिए बने हैं और जब रोजगार की बात आए तो बाहरी व्यक्तियों को रोजगार मे प्राथमिकता दी जाती है। मैं कंपनी प्रशासन को इस बात से अवगत करवाना चाहता हूँ कि यदि स्थानीय जनता प्रदूषण में प्राथमिकता है तो हमारे स्थानीय लोगो को रोजगार मे भी प्राथमिकता दी जाए यदि ऐसा नही होता है कंपनी के प्रदूषण के खिलाफ की जाएगी उचित कार्रवाई

# सम्मान समारोह आयोजित किया गया

क्यूँ न लिखूँ सच
निशाकांत शर्मा



एटा-कलैक्ट्रेट बार एसोसिएशन के अधिवक्ता कल्याण कोष के 25 पूर्ण होने के उपलक्ष्य में संस्थापक सदस्य एवं पूर्व अध्यक्ष, महामंत्री का सम्मान समारोह आयोजित किया गया इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि श्री सी पी सिंह वरिष्ठ अधिवक्ता ने अधिवक्ता कल्याण कोष के नवीन कार्यालय का फीता काट कर उद्घाटन किया। सम्मान समारोह का संचालन अमित कुमार जौहरी एडवोकेट ने किया। इस कार्यक्रम में कल्याण कोष के अध्यक्ष संतोष दीक्षित एडवोकेट ने सभी सम्मानित पूर्व पदाधिकारी एवं संस्थापक सदस्यों का सम्मान किया। मुख्य अतिथि ने सभा को संबोधित करते हुए कहा कि अधिवक्ता कल्याण कोष अधिवक्ता हित में सराहनीय कार्य करती है जो साधूं वाद के पात्र हैं। सभा में सम्बोधन ए डब्लू एफ चैयरमेन सन्तोष दीक्षित, उपाध्यक्ष एस एस अग्रवाल, उपाध्यक्ष पी चौहान एडवोकेट ने किया। इस कार्यक्रम में कलैक्ट्रेट बार एसोसिएशन अध्यक्ष अशोक कुमार शिकरवार, रामनरेश मिश्रा एडवोकेट, रोहित पुंढीर, रमेश बाबू यादव, शशी किशोर सक्सेना, रविकांत कान्त सक्सैना, अरूण उपाध्याय, नारायन भास्कर, रेशपाल सिंह राठौर, उपेंद्र पाल, श्याम गुप्ता, नीरज गुप्ता, संजय उपाध्याय, राकेश कंज, प्रमोद गुप्ता, मोनू राठौर, सतेन्द्र सिंह, राधे श्याम शर्मा, बी पी सिंह, जितेन्द्र सिंह, आदि अधिवक्ता उपस्थित रहे। कार्यक्रम के अन्त में कल्याण कोष उपाध्यक्ष शिव शंकर अग्रवाल ने सभी अगनतुको का धन्यवाद व्यक्त किया।?

# त्योंथर विधानसभा के माने जाने नेता कमांडो अरुण गौतम को मिला विंध्य जनता पार्टी से टिकट लड़ेंगे चुनाव

क्यूँ न लिखूँ सच
आलोक मिश्रा



गरीबों के मसीहा कमांडो अरुण गौतम लड़ सकते हैं त्योंथर से चुनाव वर्ष 2018 से कंटिन्यू लगे रहते हैं जनता की सेवा में ना कोई जाति देख ना कोई धर्म देखे ना गरीब देखे ना अमीर देखें सब के सेवा में सदैव तत्पर रहने वाले कमांडो अरुण गौतम के चुनाव लड़ने से बड़े-बड़े दिग्गज धराशाही हो सकते हैं क्योंकि जिस तरह अरुण गौतम जनता की सेवा की है उसे तरह किसी पार्टी के किसी नेता ने नहीं की है चाहे वह विधायक रहा हो चाहे सांसद कोई गरीबों की सेवा नहीं की है जिस तरह अरुण गौतम गरीबों की सेवा किया अरुण गौतम गरीबों के मसीहा कहलन वाले में से एक हैं जिन्होंने जनता की सेवा के लिए 6 महीने जेल में रहे वह भी राजू का जैसे जगन्नाथ अपराध उन पर दर्ज कराया गया था नेताओं के द्वारा आज वही आप देखने वाली बात यह है की जनता के साथ रहने वाले कमांडो के साथ कितनी जनता रहती है यह तो वक्त ही तय करेगा परंतु अगर मान जाए तो मौका एक बार गौतम जी को जरूर देना चाहिए क्योंकि जो व्यक्ति बिना किसी पद पर रहते हुए बिना किसी पार्टी में रहते हुए गरीबों की सेवा के लिए 24 घंटे तट पर रहते हैं एवं गरीबों की दवा गरीबों की सभी व्यवस्थाओं के लिए समर्पित रहते हैं तो एक मौका तो उनके लिए बनता है गरीबों की आवाज कमांडो गौतम जिंदाबाद अभी गौतम के द्वारा नामांकन नहीं भरा गया है संभवत यह है कि 30 तारीख को कमांडो अरुण गौतम नामांकन भरेंगे और जनता के सेवा के लिए सदैव तत्पर रहते हैं और तत्पर रहेंगे राजतिलक की करो तैयारी आ रहे हैं गौतम सबसे भारी सबकी यारी चाहे वह किसी वर्ग का हो सबके दुख सुख में शामिल होने वाले गौतम को विंध्य जनता पार्टी के तरफ से टिकट दिया गया है माना जा रहा है की 30 तारीख को नामांकन दाखिल करने के बाद जनता के साथ क्षेत्र में भ्रमण करके और बड़े-बड़े दिग्गजों को धरसही करने में समर्थ हैं कमांडो गौतम

# बहुजन समाज पार्टी पदाधिकारी के द्वारा कार्यालय का उद्घाटन संपन्न



क्यूँ न लिखूँ सच
प्रदीप कुमार तिवारी

रामपुर बघेलान विधानसभा क्षेत्र के जमुना में बहुजन समाज पार्टी के कार्यालय का उद्घाटन बहुजन समाज पार्टी के विधानसभा प्रत्याशी रिटायर्ड तहसीलदार मणिराज सिंह के कर कमरों के द्वारा संपन्न हुआ रामपुर बघेलान। सतना जिले के रामपुर बघेलान विधानसभा क्षेत्र से बहुजन समाज पार्टी के प्रत्याशी रिटायर्ड तहसीलदार मणिराज सिंह के द्वारा ग्राम जमुना में बहुजन समाज पार्टी के कार्यालय का भव्य उद्घाटन किया गया रामपुर बाघेलान विधान सभा क्षेत्र के जमुना ग्राम मे बहुजन समाज पार्टी के कार्यालय का शुभारंभ किया गया जिसके मुख्य अतिथि बहुजन समाज पार्टी के प्रदेश उपाध्यक्ष अच्छे लाल कुशवाहा. जिला अध्यक्ष बसपा सतना रामपाल साकेत .विशिष्ट अतिथि प्रत्याशी मणिराज सिंह रिटायर्ड तहसीलदार. बब्लू साकेत. उदयभान साकेत .राजा पटेल .नंदलाल सिंह नंदू जनपद सदस्य. रामाधार सेन .बैजनाथ साकेत .राकेश सिंह .ललन सिंह. उपेंद्र कुशवाहा .रामखेलावन कोल. आदि सैकड़ो की तादाद पर बहुजन समाज पार्टी के कार्यकर्ता पदाधिकारी एवं ग्रामीण जन उपस्थित रहे

# चोरी के माल को छुपाने की नीयत से ले जाते हुए चोरी के 55 कमर्शियल गैस सिलेंडर सहित दो अभियुक्त गिरफ्तार

क्यूँ न लिखूँ सच
निशाकांत शर्मा




एटा-वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक राजेश कुमार सिंह के निर्देशन में अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत थाना निधौली कलाँ पुलिस द्वारा चोरी किए हुए माल को छुपाने की नियत से ले जाते हुए
चोरी के 55 कमर्शियल गैस सिलेंडर, घटना में प्रयुक्त लोडर टेंपो( छोटा हाथी ) सहित दो अभियुक्त क्रमशः नीरज उर्फ छोटे पुत्र श्रीपाल निवासी विजय नगर थाना सिकन्दरपुर वैश्य जिला कासगंज हॉल मौजूदा धन सिहं वाली गली गौपुरी थाना विजयनगर जिला गाजियाबाद व अनिल कुमार पुत्र राजवीर सिहं निवासी ग्राम झिनवार थाना निधौलीकलां को गिरफ्तार कर अभियुक्तों के विरुद्ध नि0कलां पर पंजीकृत मु0अ0सं0 209/23 धारा 414 भादवि पंजीकृत कर थाना स्तर से आवश्यक वैधानिक कार्रवाई करते हुऐ जेल भेजा जा रहा है !

# एटा में पुलिस पर हमला, गाड़ी तोड़ी

क्यूँ न लिखूँ सच
निशाकांत शर्मा

एटा-दुष्कर्म के आरोपी प्रधान को गिरफ्तार करने गई पुलिस पर उसके परिजनों ने पथराव कर दिया। पुलिस की गाड़ी क्षतिग्रस्त हो गई। एक कांस्टेबल चोटिल हो गया। बड़ी मुश्किल से पुलिस बच पाई। पुलिस ने प्रधान के पिता, पत्नी सहित सात लोगों को नामजद किया गया। पिता सहित दो लोगों को गिरफ्तार कर लिया है। अन्य की तलाश चल रही है। थाना नयागांव क्षेत्र के गांव परसूपुर निवासी सुखवीर सिंह प्रधान है। जून में सुखवीर सिंह पर दुष्कर्म का मामला दर्ज हुआ था। मामले में वह लंबे समय से फरार था। गुरुवार शाम पुलिस को सूचना मिली कि वह गांव में है। पुलिस की टीम ने दबिश दी। आरोप है कि जैसे ही पुलिस उसके घर पहुंची वैसे ही ईंट पत्थरों की बरसात शुरू कर दी गई। पुलिस पर हमला होते देख गांव के लोग भी दहशत में आ गए। हमले की सूचना उच्चाधिकारियों को दी गई। पुलिस फोर्स भी पहुंच गया। आरोपियों की ओर से किए गए हमले में कांस्टेबल आकाश बंसल घायल हो गए। पुलिस टीम ने फिर से दबिश दी तो सुखवीर सिंह के पिता भंवरपाल पुत्र दीनदयाल, अभिषेक पुत्र प्रमोद को गिरफ्तार कर लिया। एसआई ललित कुमार ने सात नामजद, आठ-दस अज्ञात लोगों पर केस दर्ज कराया है। एएसपी धनंजय कुशवाहा ने बताया कि पुलिस पर हमले के आरोपियों पर सख्त कार्रवाई की जाएगी।

# मिशन शक्ति अभियान के चतुर्थ चरण ( फेज-4 ) के तहत विश्व भारती पब्लिक स्कूल में समपन्न हुआ कार्यक्रम

क्यूँ न लिखूँ सच
निशाकांत शर्मा



